6 नाम के स्थान पर

Pronoun

सभी चीज़ों और लोगों के अपने-अपने नाम होते हैं, फिर भी नाम के स्थान पर अन्य शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

चिड़िया अच्छी है। चिड़िया आसमान में उड़ती है। चिड़िया को पुकारो। चिड़िया ने नहीं सुना। चिड़िया को फिर पुकारो। चिड़िया को सुनाई देगा। चिड़िया ने सुना। चिड़िया वापिस आ रही है।

अब हम इसे अलग तरह से लिखते हैं–

चिड़िया अच्छी है। वह आसमान में उड़ती है। उसे पुकारो। उसने नहीं सुना। उसको फिर पुकारो। उसे सुनाई देगा। उसने सुना। वह वापिस आ रही है।

आपने जाना अब हर जगह पर नाम नहीं आए। नाम की जगह 'वह' 'उसे', 'उसने', 'उसको' शब्द आए।

नाम की जगह आने वाले शब्दों को **सर्वनाम** कहते हैं।



यहाँ नाम के स्थान पर मैं, हम, यह तथा आप शब्दों का प्रयोग किया गया है।

आइए! नामों की जगह प्रयोग होने वाले शब्दों से नए-नए वाक्य बनाएँ।

❖ "मैं" शब्द का प्रयोग अपने लिए होता है।

मैं → मुझे | मेरा | मेरी | मैंने

❖ "तुम" शब्द का प्रयोग छोटों व बराबर वालों के लिए किया जाता है।

तुम → तुम्हारा | तुमने | तुमसे

❖ "आप" शब्द का प्रयोग बड़ों के लिए होता है।

आप → आपका | आपने | आपसे

❖ "यह" शब्द का प्रयोग नज़दीक होने पर किया जाता है।

यह → इसे | इसका | इससे

❖ आदर देते समय "ये" शब्द का प्रयोग उस व्यक्ति के लिए करते हैं, जो आपसे बड़ा हो और वह पास खड़ा हो। साधारण रूप में 'ये' का प्रयोग एक से अधिक की संख्या के लिए होता है।

ये → इन्हें | इनसे | इनका

❖ "वह" शब्द का प्रयोग दूसरों के लिए होता है;

वह → उसे | उसका | उससे

❖ "वे" शब्द का प्रयोग उस व्यक्ति के लिए किया जाता है, जो दूर हो और आपसे बड़ा भी हो। साधारण रूप में 'वे' का प्रयोग एक से अधिक की संख्या के लिए होता है;

वे → उन्हें | उनका | उनसे

Scanned with CamScanner

हमने सीखा

- भाषा में कुछ शब्द सबके नाम की जगह आ सकते हैं; जैसे- मैं, यह, वह, आप आदि।
- नाम की जगह आने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।

अब बारी आपकी

वर्कशीट - 6

1. नाम की जगह दूसरा शब्द चुनकर लिखिए-

(क) केला बहुत अच्छा है। ......इसे...... ले लो। (इस/इसे)

(ख) माली ने काम कर लिया। ......वह...... घर जाएगा। (वह/उसे)

(ग) तस्वीर अच्छी बनी है। ......इसे...... ठीक से रखो। (यह/इसे)

(घ) मैं तन्वी हूँ। ......मुझे...... पुस्तक दे दो। (मेरा/मुझे)

2. उन शब्दों के आगे गोला (○) लगाइए, जो नाम की जगह प्रयोग हुए हैं-

(क) मैं प्रतिदिन बगीचे मे जाता हूँ।

(ख) वह मेरी चचेरी बहन है।

(ग) मैं तुम्हें पहले से जानता हूँ।

(घ) पिताजी आपका इंतज़ार कर रहे हैं।

(ङ) आप सदा सत्य बोलते हो।

3. नाम की जगह आने वाले कुछ शब्द वृक्ष पर लटके हैं। उचित शब्दों को नीचे उतार कर खाली स्थानों में भरिए-

(क) ......वे...... मेरे पिताजी के मित्र हैं।

(ख) ......तुम...... स्कूल से कब आते हो?

(ग) ......ये...... मेरे चाचाजी हैं।

(घ) ......वह...... नहाने गया है।

(ङ) ......मैं...... ट्रेन से जयपुर जाऊँगा।

(च) ......आप...... क्या कर रहे हैं?



खोजी-मनमौजी- 'वह' तथा 'तुम' के लिए बहुवचन में कौन-कौन से सर्वनाम शब्दों का प्रयोग होता है?

Scanned with CamScanner

DELTA Pg No.
Date / /

क.का. पाठ-6 नाम के स्थान पर

1. सर्वनाम किसे कहते हैं?

उत्तर- नाम की जगह आने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।

2. सर्वनाम शब्द पर गोला लगाओ -

1. मैं रोज पढ़ाई करता हूँ।

2. आप कहाँ रहते हो?

3. मेरे घर में चार सदस्य हैं।

My NoteBook

Sign.

Scanned with CamScanner